>

Title: Need to provide adequate quantity of fertilizers at subsidized rates to the farmers in Gautam Buddha Nagar and Bulandshahar districts in Uttar Pradesh.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (गौतम बुद्ध नगर): वर्तमान में किसानों को उर्वरकों पर जो सब्सिडी दी जा रही है, वह बहुत ही कम है। किसानों को महंगी कृषि लागत होने के कारण अपनी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। यह विदित ही है कि कृषकों की जीविका का एकमात्र सहारा उनकी कृषि उपज ही है। लेकिन जब उनको अपनी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल सकेगा तो उनकी दयनीय स्थिति होना स्वाभाविक ही है।

उत्तर प्रदेश राज्य में विशेषकर गौतम बुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के गौतम बुद्ध नगर एवं बुलन्दशहर जनपदों में कृषकों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। उन्हें पर्याप्त मात्रा में कृषि उपज हेतु उर्वरक न मिलने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उत्तर प्रदेश राज्य के विशेषकर गौतम बुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के गौतम बुद्ध नगर एवं बुलन्दशहर जनपदों के कृषकों को मांग के अनुरूप रियायती दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।